(11)

# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

संoसंo–02 / परीo–01(राजo)–04 / 2024– 193

**प्रेषक,**

**अनिल कुमार झा,** भाoप्रoसेo
सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

**सेवा में,**

**अपर महानिदेशक,**
बिपार्ड, पटना।

पटना, दिनांक– 30-01-2024

**विषयः–** **बिहार विधान सभा सचिवालय में सीधी भर्ती से नियुक्त प्रशासनिक संवर्ग के प्रशाखा पदाधिकारी, सूचना, प्रसारण, प्रकाशन तथा जनसम्पर्क संवर्ग के जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं सुरक्षा संवर्ग के मार्शल हेतु विभागीय परीक्षा के आयोजन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा निर्गत अधिसूचना संo–1स्थाo 12 / 2023–167 / विoसo दिनांक–12.01.2024**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक अधिसूचना के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार विधान सभा सचिवालय में सीधी भर्ती से नियुक्त प्रशासनिक संवर्ग के प्रशाखा पदाधिकारी, सूचना, प्रसारण, प्रकाशन तथा जनसम्पर्क संवर्ग के जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं सुरक्षा संवर्ग के मार्शल हेतु विभागीय परीक्षा **1. हिन्दी लिखित (कोड–01), 2. कम्प्यूटर की व्यावहारिक जानकारी (कोड–02) एवं 3. सामान्य शासकीय नियम एवं नियमावली (कोड–07)** विषयों में परीक्षा की स्वीकृति प्रदान की जाती है। उक्त विषयों का पाठ्यक्रम राजस्व पर्षद द्वारा पूर्व से निर्धारित है।

**2. क्रम संo–4** पर अंकित बिहार विधान सभा के कार्यों से संबंधित विशेष प्रश्न–पत्र हेतु **विषय "कोड–35"** आवंटित करने की भी स्वीकृति प्रदान की जाती है।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 30/1/2024
सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।
30/01/24

ज्ञापांकः– 02/परी0–01(राज0)–04/2024– 193 पटना, दिनांकः– 30-01-2024

प्रतिलिपिः–सचिव, विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि विषय "कोड–35" के विशेष प्रश्न–पत्र के लिए 3000 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (उत्तर सहित) का चयन एवं अभिपोषण कराकर हार्ड एवं सॉफ्ट प्रति सहित सचिव, राजस्व पर्षद को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

30/1/2024

सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 02/परी0–01(राज0)–04/2024– 193 पटना, दिनांकः– 30-01-2024

प्रतिलिपिः–माननीय अध्यक्ष–सह–सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/1/2024

सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

O/C 30/01/24